पाक्षिक समाचार

# सम्पर्क

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली

खण्ड–XXIX अंक–13 15 जुलाई, 2024

**गुरू पद रज मृदु मंजुल अंजन। नयन अमिअ दृग दोश बिभंजन।।**
**तेहिं करि बिमल बिबेक बिलोचन। बरनउँ राम चरित भव मोचन।।**

श्री गुरु महाराज के चरणों की और सुन्दर नयनामृत–अंजन है, जो नेत्रों के दोशों का नाश करने वाला है। उस अंजन से विवेकरूपी नेत्रों को निर्मल करके मैं संसार रूपी बन्धन से छुड़ाने वाले श्रीराम चरित्र का वर्णन करता हूँ।

**–श्रीरामचरितमानस, बालकाण्ड/1**

## कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरी विभाग के अध्यक्ष की नियुक्ति

कुलसचिव कार्यालय से प्राप्त अधिसूचना सं IITD/AREG/4/(3)/2024/294196 दिनांक 05.07.2024 के अनुसार निदेशक महोदय ने **प्रो. संजीवा प्रसाद** को 6 जुलाई, 2024 से अगले आदेश तक कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरी विभाग में अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है।

## स्वागत

- स्थापना अनुभाग-I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/U-3/2024/291895 दिनांक 01.07.2024 के अनुसार **डॉ. अजय गुलेरिया** ने 24.06.2024 से संस्थान के कम्प्यूटर सेवा केन्द्र में सातवें वेतन आयोग के लेवल-14ए में वरिष्ठ सिस्टम मैनेजर (एस.जी.) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।
- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/U-3/2024/291906 दिनांक 01.07.2024 के अनुसार **श्री गौरव मुंजाल** ने 24.06.2024 से संस्थान के कम्प्यूटर सेवा केन्द्र में सातवें वेतन आयोग के लेवल-13ए2 में सिस्टम मैनेजर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।
- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/U-3/2024/291911 दिनांक 01.07.2024 के अनुसार **डॉ. मनीष अग्रवाल** ने 24.06.2024 से संस्थान के कम्प्यूटर सेवा केन्द्र में सातवें वेतन आयोग के लेवल-13ए2 में सिस्टम मैनेजर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।
- स्थापना अनुभाग-I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/U-3/2024/293294 दिनांक 04.07.2024 के अनुसार **श्री सम्भव जैन** ने 19.06.2024 से संस्थान के कम्प्यूटर सेवा केन्द्र में सातवें वेतन आयोग के लेवल-12 में सिस्टम ऑर्किटेक्ट के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।
- स्थापना अनुभाग-I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/U-3/2024/293300 दिनांक 04.07.2024 के अनुसार **श्री सुदीप नारायण बनर्जी** ने 19.06.2024 से संस्थान के कम्प्यूटर सेवा केन्द्र में सातवें वेतन आयोग के लेवल-12 में सिस्टम ऑर्किटेक्ट के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।
- स्थापना अनुभाग-I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/U-3/2024/290099 दिनांक 26.06.2024 के अनुसार **प्रो. राहुल सिंह** ने 21.06.2024 से संस्थान के गणित विभाग में सातवें वेतन आयोग के लेवल-11 में सहायक प्रोफेसर, ग्रेड-II के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

  प्रो. राहुल सिंह को उनकी नियुक्ति के तीन वर्ष की अवधि अथवा वेतन 13ए1 प्राप्त करने तक (जो भी पहले हो) संस्थान द्वारा प्रायोजित "युवा संकाय प्रोत्साहन फेलोशिप" भी प्रदान की गई है।
- स्थापना अनुभाग-I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/U-4/2024/292536 दिनांक 02.07.2024 के अनुसार **प्रो. (सुश्री) सुधा शास्त्री** ने 01.07.2024 से संस्थान के मानविकी एवं समाज विज्ञान विभाग में "अन्तर भा.प्रौ.सं. संकाय विनिमय कार्यक्रम" के अन्तर्गत प्रतिनियुक्ति आधार पर प्रोफेसर के रूप में (एक सेमिस्टर के लिए) कार्यभार ग्रहण किया है।
- स्थापना अनुभाग-I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/2024/293436 दिनांक 04.07.2024 के अनुसार **डॉ. शगुन कौशल** ने 01.07.2024 से संस्थान के भौतिकी विभाग में पोस्ट-डॉक्टरल फेलो के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।
- स्थापना अनुभाग-I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/2024/293440 दिनांक 04.07.2024 के अनुसार **डॉ. नाहिद वसीम** ने 01.07.2024 से संस्थान के भौतिकी विभाग में पोस्ट-डॉक्टरल फेलो के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग-I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/2024/292522 दिनांक 02.07.2024 के अनुसार **डॉ. गिरीश चन्द्रा** ने 01.07.2024 से संस्थान के यांत्रिक इंजीनियरी विभाग में पोस्ट-डॉक्टरल फेलो के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-2/2024/291859 दिनांक 01.07.2024 के अनुसार **सुश्री गरिमा सिंह** ने 26.06.2024 से संस्थान के करियर सेवाएं कार्यालय में सातवें वेतन आयोग के लेवल-10 में प्रशिक्षण एवं सेवायोजन अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-2/2024/290707 दिनांक 27.06.2024 के अनुसार **सुश्री सुचित्रा भटनागर** ने 25.06.2024 से संस्थान में सातवें वेतन आयोग के लेवल-10 में सहायक कुलसचिव के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-2/2024/290150 दिनांक 26.06.2024 के अनुसार **श्री रजनीश जरयाल** ने 21.06.2024 से संस्थान के छात्र कार्य अनुभाग में सातवें वेतन आयोग के लेवल-10 में सहायक कुलसचिव के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-2/2024/289319 दिनांक 24.06.2024 के अनुसार **सुश्री रेखा सती देवली** ने 21.05.2024 से संस्थान में खेलकूद एकक में सातवें वेतन आयोग के लेवल-10 में संयुक्त खेलकूद अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-2/2024/294273 दिनांक 05.07.2024 के अनुसार **श्री गुरसेवक सिंह** ने 01.07.2024 से संस्थान के शैक्षिक अनुभाग में सातवें वेतन आयोग के लेवल-10 में सहायक कुलसचिव के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-2/2024/289521 दिनांक 24.06.2024 के अनुसार **श्री दिनेश सोनी** ने 11.06.2024 से संस्थान में स्थापना अनुभाग-I में सातवें वेतन आयोग के लेवल-6 में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-2/2024/290456 दिनांक 26.06.2024 के अनुसार **श्री प्रवीण कुमार** ने 19.06.2024 से संस्थान में सातवें वेतन आयोग के लेवल-6 में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-2/2024/292701 दिनांक 02.07.2024 के अनुसार **श्री अश्विनी आनन्द** ने 19.06.2024 से संस्थान के गणित विभाग में सातवें वेतन आयोग के लेवल-6 में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-2/2024/292735 दिनांक 02.07.2024 के अनुसार **श्री अमनचा राकेश** ने 21.06.2024 से संस्थान के स्वास्थ्य एकक में सातवें वेतन आयोग के लेवल-6 में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-2/2024/293154 दिनांक 03.07.2024 के अनुसार **श्री अरविन्द कुमार चौहान** ने 27.06.2024 से संस्थान के ऊर्जा विज्ञान एवं इंजीनियरी विभाग में सातवें वेतन आयोग के लेवल-6 में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-2/2024/293217 दिनांक 03.07.2024 के अनुसार **श्री गौरव कुमार** ने 26.06.2024 से संस्थान के योजना एकक में सातवें वेतन आयोग के लेवल-6 में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-2/2024/292222 दिनांक 02.07.2024 के अनुसार **श्री महेश कुमार मीणा** ने 25.06.2024 से संस्थान के जैव इंजीनियरी एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग में सातवें वेतन आयोग के लेवल-6 में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-2/2024/295018 दिनांक 09.07.2024 के अनुसार **श्री आशुतोष मंगल** ने 11.06.2024 से संस्थान के शैक्षिक अनुभाग में सातवें वेतन आयोग के लेवल-6 में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-2/2024/295024 दिनांक 09.07.2024 के अनुसार **श्री हरिओम गोयल** ने 11.06.2024 से संस्थान के संकायाध्यक्ष (फैकल्टी) कार्यालय में सातवें वेतन आयोग के लेवल–6 में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-2/2024/294828 दिनांक 09.07.2024 के अनुसार **श्री देवेन्द्र** ने 14.06.2024 से संस्थान के भण्डार एवं क्रय अनुभाग में सातवें वेतन आयोग के लेवल-6 में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-2/2024/289112 दिनांक 24.06.2024 के अनुसार **सुश्री अनु यादव** ने 03.06.2024 से संस्थान में सातवें वेतन आयोग के लेवल-5 में प्रशासनिक सहायक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-2/2024/289152 दिनांक 24.06.2024 के अनुसार **श्री जतिन** ने 11.06.2024 से संस्थान में सातवें

वेतन आयोग के लेवल-5 में प्रशासनिक सहायक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-2/2024/290917 दिनांक 27.06.2024 के अनुसार **श्री हिमांशु निमेश** ने 31.05.2024 से संस्थान के करियर सेवाएं कार्यालय में सातवें वेतन आयोग के लेवल-5 में प्रशासनिक सहायक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।
- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-2/2024/292765 दिनांक 02.06.2024 के अनुसार **श्री अम्ब्रिश यादव** ने 27.05.2024 से संस्थान के शैक्षिक अनुभाग में सातवें वेतन आयोग के लेवल-5 में प्रशासनिक सहायक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।
- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-2/2024/292645 दिनांक 02.07.2024 के अनुसार **श्री रोहित यादव** ने 25.06.2024 से संस्थान के मानविकी एवं समाज विज्ञान विभाग में सातवें वेतन आयोग के लेवल-5 में प्रशासनिक सहायक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।
- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-2/2024/292693 दिनांक 02.07.2024 के अनुसार **श्री राहुल धर्मास्य** ने 21.06.2024 से संस्थान के कृत्रिम बौद्धिकता स्कूल में सातवें वेतन आयोग के लेवल-5 में प्रशासनिक सहायक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।
- स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-2/2024/295027 दिनांक 09.07.2024 के अनुसार **सुश्री नेहा** ने 26.06.2024 से संस्थान के आन्तरिक शिकायत समिति कार्यालय (ICC) में सातवें वेतन आयोग के लेवल-5 में प्रशासनिक सहायक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

## कार्यालय आदेश

स्थापना अनुभाग-2 से प्राप्त कार्यालय आदेश सं. IITD/Estt.-2/2024/290708 दिनांक 27.06.2024 के अनुसार संस्थान हित में तत्काल प्रभाव से निम्नलिखित ग्रुप 'ए' अधिकारियों का स्थानान्तरण किया गया है :–

| क्र. सं | अधिकारी का नाम, पद | अनुभाग से | अनुभाग में |
|---|---|---|---|
| 1, | डॉ. कल्याण कुमार भट्टाचार्जी<br>संयुक्त कुलसचिव | समन्वय, योजना एकक, प्रेषण एवं पावती, ट्रेवल डेस्क, प्रथम अपीलीय प्राधिकारी, स्टाफ प्रशिक्षण। | समन्वय, प्रेषण एवं पावती, ट्रेवल डेस्क, प्रथम अपीलीय प्राधिकारी, स्टाफ प्रशिक्षण। |
| 2, | सुश्री सुचित्रा भटनागर<br>सहायक कुलसचिव | पोस्टिंग पूल | योजना एकक के साथ निवेश योजना का कार्य |

## संस्थान के आबू धाबी परिसर के प्रशासनिक कार्यों का समन्वयन

स्थापना अनुभाग-2 से प्राप्त कार्यालय आदेश सं. IITD/Estt.-2/2024/293864 दिनांक 05.07.2024 के अनुसार **श्री देव रंजन मुखर्जी**, उप कुलसचिव संस्थान में अपनी जिम्मेदारियों के अतिरिक्त दिल्ली तथा आबू धाबी परिसरों के बीच प्रशासनिक कार्यों का समन्वयन भी देखेंगे।

## त्यागपत्र स्वीकृत

स्थापना अनुभाग-I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IES1/2024/294675 दिनांक 08.07.2024 के अनुसार **डॉ. केशव भारद्वाज रवि,** सहायक प्रोफेसर, ग्रेड-II (सिविल इंजीनियरी विभाग) ने अपने पद से त्यागपत्र का अनुरोध किया था। जिसे सक्षम प्राधिकारी ने 10.07.2024 से स्वीकार कर लिया है। अतः डॉ. केशव भारद्वाज रवि को 10.07.2024 से संस्थान कार्य से मुक्त कर दिया गया हैं।

## राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत अनिवार्य रुप से द्विभाषी जारी किए जाने वाले कागजात

1 सामान्य आदेश / General Orders
2 संकल्प / Resolution
3 परिपत्र / Circulars
4 नियम / Rules
5 प्रशासनिक या अन्य प्रतिवेदन / Administrative or other reports
6 प्रेस विज्ञप्तियाँ / Press Release/ Communiques
7 संविदाएँ / Contracts
8 करार / Agreements
9 अनुज्ञप्तियाँ / Licences
10 निविदा प्रारुप / Tender Forms
11 अनुज्ञा पत्र / Permits
12 निविदा सूचनाएँ / Tender Notices
13 अधिसूचनाएँ / Notifications
14 संसद के समक्ष रखे जाने वाले प्रतिवेदन तथा कागज पत्र / Reports and documents to be laid before the Parliament

# जन्मसिद्ध अधिकार है 'स्वराज'

अग्निधर्मा लेखन की वजह से 1908 में जेल गए लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक 1914 में लौटे। राजनीति पर नरम दल के बढ़ते वर्चस्व और दम तोड़ते स्वदेशी आंदोलन को देखकर परेशान तिलक ने राष्ट्रवादी आंदोलनों की चिंगारी फिर से जलाने के लिए एनी बेसेंट के साथ मिलकर होमरूल लीग की स्थापना की। इस अभियान को सालभर के अंदर ही पूरे देश में पुरजोर समर्थन मिला। होमरूल मूवमेंट ने राष्ट्रवाद को नई दिशा दी और लोकमान्य तिलक नायक बनकर उभरे। उनकी जन्मजयंती *(23 जुलाई)* पर पढ़िए वह क्रांतिकारी भाषण, जिसमें उन्होंने अपना विश्वप्रसिद्ध नारा दिया...........।

मेरी उम्र बहुत जवां नहीं है, लेकिन मेरे जज्बे में आज भी वही आग है। आज मैं आपसे जो कुछ भी कहूंगा वो आपके लिए हमेशा प्रेरणादायक होगा। ये शरीर भले ही ढ़ल जाए, बूढ़ा हो जाए, जर्जर हो जाए, लेकिन हमारी प्रतिज्ञा अमर होती है। ठीक उसी तरह, हो सकता है हमारे स्वराज अभियान में थोड़ी शिथिलता आ जाए, लेकिन इसके पीछे की सोच और उद्देश्य शाश्वत है, जो कभी खत्म नहीं होंगे और हम स्वतंत्रता हासिल करके रहेंगे।

स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है। मेरा स्वराज जब तक मेरे अंदर जिंदा है, मैं कमजोर या बूढ़ा नहीं हो सकता। कोई भी हथियार इस हौसले को पस्त नहीं कर सकता, कोई आग इसे जला नहीं सकती, पानी की धारा इसे भिगो नहीं सकती, हवा के तेज झोंके भी इसे सुखा नहीं सकते। हम स्वराज की मांग करते हैं और हम इसे लेकर ही रहेंगे।

जो विज्ञान स्वराज पर खत्म होती है, वही राजनीति की भी विज्ञान होनी चाहिए, वो नहीं जो गुलामी की ओर ले जाए। राजनीति का विज्ञान ही देश का वेद है। मैं आपकी अंतरआत्मा को जगाने आया हूं। मैं आप सबको झूठे, मक्कारों और ठगों के झांसे से बाहर निकालने आया हूं। स्वराज का मतलब कौन नहीं जानता ? स्वराज कौन नहीं चाहता ?

अगर मैं आपके घर जबरन घुस आऊं और आपके किचन को कब्जे में ले लूं तो क्या आप इसकी इजाजत देंगे ? नहीं न, मेरे घर के तमाम मसलों पर मेरा अधिकार होना चाहिए। एक सदी गुजर गई, लेकिन अंग्रेजी हुकूमत अब भी हमें स्वराज के काबिल नहीं मानती, लेकिन अब हम अपनी लड़ाई खुद लड़ेगे।

जब इंग्लैंड भारत का इस्तेमाल कर बेल्जियम जैसे छोटे राष्ट्र को बचाना चाहता है फिर वो हमें किस मुंह से स्वराज के काबिल नहीं मानता ? जो लोग हमें गलत ठहरा रहे हैं, वो लालची और हमारे विरोधी हैं, लेकिन इससे विचलित होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि बहुत से लोग ईश्वर के निर्णय में भी खोट निकालते हैं।

हमें इस वक्त बिना कुछ और सोचते हुए देश की आत्मा की रक्षा में जुटना होगा। हमारे देश का भविष्य और समृद्धि अपने जन्मसिद्ध अधिकार यानी स्वराज में निहित है।

आपको बता दूं कि कांग्रेस ने स्वराज का प्रस्ताव पास कर दिया है। वैसे देखा जाए तो हमारे स्वराज अभियान के रास्ते में अब भी कई अड़चनें खड़ी हैं या खड़ी की जा रही हैं। बड़े स्तर पर अशिक्षा ऐसी ही एक बड़ी अड़चन है, लेकिन हम इस अड़चन को बहुत दिनों तक नहीं सह सकते। अगर हमारे देश के अशिक्षित लोगों को स्वराज की थोड़ी जानकारी भी हो, तब भी बहुत बड़ा मसला हल हो सकता है, ठीक वैसे ही जैसे ईश्वर का पूरा सत्य शायद ही इसमें से कोई जानता है फिर भी उसमें अटूट आस्था रखता है।

मेरा मानना है कि जो अपना काम खुद कर सकते हैं वो अशिक्षित जरूर हो सकते हैं, लेकिन मूर्ख नहीं। वो किसी भी पढ़े–लिखे इंसान जैसे ही विद्वान है और अगर वो अपनी जरूरतों और परेशानियों का फर्क समझ लें तो उन्हें स्वराज के मूल्यों को समझने में भी कोई दिक्कत नहीं होगी।

हमें समझना होगा कि अनपढ़ लोग भी इसी समाज का हिस्सा हैं और हममें से ही हैं। उनको भी समाज में समान अधिकार है। इसलिए जनमानस को जागृत करना हमारा कर्तव्य है। परिस्थितियां बदली हैं और हमारे लिए ये बिल्कुल सही मौका है। इस वक्त हम सबकी एक ही आवाज है–'अभी नहीं तो कभी नहीं'।

आइए हम सब इंसाफ और संवैधानिक क्रांति की राह पर चलें। संकल्प करिए और पीछे मुड़कर मत देखिए। अंत परिणाम ऊपर वाले के हाथों पर छोड़ दीजिए।

साभार–दैनिक जागरण
दिनांक 17 जुलाई, 2022

हिन्दी कक्ष द्वारा सम्पादित एवं प्रकाशित दूरभाषः EPABX 7144

***मुद्रकः*** सागर प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, नई दिल्ली। ई–मेलः sagarprinters@gmail.com